न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0)

वाद सं0 : 518 सन 2020

अनवान :–

1. मैनपाल पुत्र अमरसिह जाति जाट निवासी नगरासरी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. गिरदावरी पत्नी अमरसिह जाति जाट निवासी नगरासरी तहसील नोहर।

वादीगण

बनाम

1. निर्मला पुत्री अमरसिह जाति जाट निवासी नगरासरी तहसील नोहर।
2. मनिषा नाबालिग पुत्री सुमित्रा पुत्री अमरसिह जरिये पिता पृथ्वीसिह जाति जाट साकिन मालिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
3. शिवानी नाबालिग पुत्री सुमित्रा पुत्री अमरसिह जरिये पिता पृथ्वीसिह जाति जाट साकिन मालिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
4. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88

उपस्थित : श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अधिवक्ता वादी

पेरोकार राज

निर्णय दिनांक :– 29/12/2020

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आश्य का पेश किया गया की रोही मौजा नगरासरी के खाता संख्या 43/37 की कुल 13.0120हैक व रोही मौजा रातुसर के खाता संख्या 136/133 की कुल 9.7400हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादीगण व प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 के नाम सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के पिता अमरसिह पुत्र तखुराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा अमरसिह पुत्र तखुराम के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा अमरसिह पुत्र तखुराम के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जो वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 के नाम से वर्तमान राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

प्रतिवादी संख्या 1 वादी की बहन एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 3 वादी की मृतक बहन के वारिसान है एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादीगण्ध के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादीगण का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का पिता है के नाम से दर्ज भूमि को वादीगण बहिब के खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 जरिये अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ने निवेदन किया की उसके नाम से दर्ज भूमि उसके पिता अमरसिह पुत्र तखुराम के देहान्त होने पर विरास्तन से प्राप्त हुई है जो वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 के नाम दर्ज है तथा प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ने निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि को अपने भाई/मामा वादीगण के पक्ष में त्याग किया हुआ है इसलिये वाद भूमि वादी

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

के हक हिस्सा की भूमि है जिसे वादीगण के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। शामिल मिसल किया एवं प्रतिवादी संख्या 4 पेरोकार राज ने जवाब पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए निस्तारण किया जाता है तो कोई ऐतराज नही है जबाब शामिल मिसल किया गया।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी ने अपना शपथ पत्र पेश किया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पष्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

वकील वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की रोही मौजा नगरासरी के खाता संख्या 43/37 की कुल 13.0120हैक व रोही मौजा रातुसर के खाता संख्या 136/133 की कुल 9.7400हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादीगण व प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 के नाम सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के पिता अमरसिह पुत्र तखुराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा अमरसिह पुत्र तखुराम के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा अमरसिह पुत्र तखुराम के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जो वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 के नाम से वर्तमान राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

प्रतिवादी संख्या 1 वादी की बहन एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 3 वादी की मृतक बहन के वारिसान है एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादीगण्ध के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादीगण का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है वादी अपने कथनों के सम्बध में न्यायायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 एवं आरआरडी वर्ष 1998 पेज 646 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे।

हमने उभयपक्षो की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा नगरासरी के खाता संख्या 43/37 की कुल 13.0120हैक व रोही मौजा रातुसर के खाता संख्या 136/133 की कुल 9.7400हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादीगण व प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 के नाम सें दर्ज है।

जमाबन्दी के अनुसार वाद भूमि अमरसिह पुत्र तखुराम के नाम से दर्ज थी अर्थात वाद भूमि पूर्व में वादी के पिता अमरसिह पुत्र तखुराम के नाम से दर्ज थी वादी के पिता अमरसिह पुत्र तखुराम के देहान्त होने के वाद विरास्तन से वाद भूमि वादीगण के पिता प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है हिन्दु उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 ,8 के अनुसार पैतृक सम्पति में वादी का हक हिस्सा है अर्थात दादा की सम्पति में पौते/पौतियों को बराबर का हक हिस्सा होगा। अर्थात वाद भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 के हक हिस्सा की भूमि है

वादी का कथन है कि प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग किया हुआ है वादीगण के कथनों को प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ने स्वीकार किया जाकर इकबाल पेश किया जाकर निवेदन किया जा चुका है कि वाद भूमि वादीगण के हक हिस्सा की भूमि है जिसे उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

वादी के वाद को प्रतिवादीगण के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं न्यायायिक दृष्टान्तों जो प्रकरण पर चस्पा होते है के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है तथा प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ने अपने हकों का त्याग किये जाने के कारण राज्यहकों की सुरक्षा के मध्यनजर स्टाम्प ड्यूटी कायम की जानी न्यायोचित है।

अतः वादी के वादी को प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐजराज नही होने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो एवं न्यायायिक दृष्टान्तों के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा नगरासरी के खाता संख्या 43/37 की कुल 13.0120हैक भूमि में प्रतिवादी संख्या 2 ,3 का नाम कलमजन किया जाकर वादी को खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है अर्थात वादी संख्या 1 के 0.6506हिस्से में शामिल की जावे एवं रोही मौजा रातुसर के खाता संख्या 136/133 की कुल 9.7400हैक में से वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 का नाम कलमजन किया जाकर वादी संख्या 2 के नाम 3.251हैक भूमि का खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 29/12/2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

सत्यमेव जयते

Scanned with CamScanner

पर्चा डिक्री

(आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर

अनवान :–

1. मैनपाल पुत्र अमरसिह जाति जाट निवासी नगरासरी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. गिरदावरी पत्नी अमरसिह जाति जाट निवासी नगरासरी तहसील नोहर।

वादीगण

बनाम

1. निर्मला पुत्री अमरसिह जाति जाट निवासी नगरासरी तहसील नोहर।
2. मनिषा नाबालिग पुत्री सुमित्रा पुत्री अमरसिह जरिये पिता पृथ्वीसिह जाति जाट साकिन मालिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
3. शिवानी नाबालिग पुत्री सुमित्रा पुत्री अमरसिह जरिये पिता पृथ्वीसिह जाति जाट साकिन मालिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
4. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

राजस्व वाद संख्या 518 सन 2020 निर्णय दिनांक– 29/12/2020

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादी एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा नगरासरी के खाता संख्या 43/37 की कुल 13.0120हैक भूमि में प्रतिवादी संख्या 2 ,3 का नाम कलमजन किया जाकर वादी को खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है अर्थात वादी संख्या 1 के 0.6506हिस्से में शामिल की जावे एवं रोही मौजा रातुसर के खाता संख्या 136/133 की कुल 9.7400हैक में से वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 का नाम कलमजन किया जाकर वादी संख्या 2 के नाम 3.251हैक भूमि का खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 29/12/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

Scanned with CamScanner